यूनियन बैंक और भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

मुंबई, 5 सितंबर, 2023 - यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) ने नवीकरणीय ऊर्जा और वित्तीय सहायता के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने की सहर्ष घोषणा की है. यह समझौता ज्ञापन भारत में संवहनीय विकास के लक्ष्य और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाये जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

समझौता ज्ञापन पर आज मुंबई में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै और आईआरईडीए के सीएमडी श्री प्रदीप कुमार दास की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए. इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक श्री निधु सक्सेना और श्री रामसुब्रमणियन एस, तथा बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और आईआरईडीए के महाप्रबंधक श्री भरत सिंह राजपूत भी उपस्थित थे. हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद समझौता ज्ञापन प्रभावी हो गया है और जो आरंभ में पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए वैध होगा. इसमें शामिल पक्षों की आपसी सहमति पर जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है, जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

समझौता ज्ञापन की शर्तों के तहत, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और आईआरईडीए दोनों ने को – ओरिजिनेटिंग नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, ऋण सिंडिकेशन और हामीदारी, आईआरईडीए उधारकर्ताओं के लिए तीसरे पक्ष के संसाधनों (टीआरए) का प्रबंधन और आईआरईडीए बांड में संभावित निवेश सहित विभिन्न पहलुओं पर सहयोग करने का संकल्प लिया है.

विशेष रूप से, इस सहयोग में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में लघु हाइड्रो परियोजना और इथेनॉल परियोजना सहित परियोजनाओं का को – ओरिजिनेशन शामिल है. इसके अतिरिक्त, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और आईआरईडीए नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऋणों के सिंडिकेशन और हामीदार की सुविधा के लिए मिलकर काम करेंगे, जिससे इन परियोजनाओं के विकास के लिए वित्तीय संसाधनों तक सुगम पहुँच हो सकेगी.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आईआरईडीए से जुड़े उधारकर्ताओं के लिए तृतीय-पक्ष संसाधनों (टीआरए) के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे परियोजना प्रबंधन की दक्षता और प्रभावशीलता में और वृद्धि होगी.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित:
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली : 22892500 ; ईमेल : gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

Classification: Public

(चित्र में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै के साथ आईआरईडीए के सीएमडी श्री प्रदीप कुमार दास द्वारा मुंबई में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए देखा गया. साथ ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक श्री निधु सक्सेना और श्री रामसुब्रमणियन एस भी उपस्थित रहे.)

Classification: Public

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित:
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली : 22892500 ; ईमेल : gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रेस विज्ञप्ति